RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 108 • 30:04:2024 • मंगलवार • मूल्य : 5/-

## एक आदमी के लिए सुप्रीम कोर्ट कैसे आ सकते हो

**संदेशखाली मामले में ममता बनर्जी सरकार को लगी फटकार**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संदेशखाली मामले में पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार के सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। सोमवार को शीर्ष न्यायालय ने सीबीआई जांच का विरोध करने पर पश्चिम बंगाल सरकार को फटकार भी लगाई है। टीएमसी का पूर्व नेता शेख शाहजहां संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के मामले में आरोपी है। इस मामले में जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच सुनवाई कर रही थी। अदालत ने उच्च न्यायालय की तरफ से दिए गए सीबीआई जांच के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। साथ ही राज्य सरकार को कड़ी फटकार भी लगाई है। कोर्ट ने कहा,एक व्यक्ति के हित की रक्षा के लिए राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा कैसा खटखटा सकती है। इधर, राज्य सरकार की तरफ से पेश हुए वकील का कहना है कि वह हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दे रहे हैं, क्योंकि इसमें कई टिप्पणियां राज्य के खिलाफ की गई थीं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अगुवाई वाली टीएमसी सरकार ने शीर्ष न्यायालय में याचिका दायर की थी।



## अप्रैल में भीषण गर्मी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, '43' रहा पारा

**103 साल बाद हुआ ऐसा,मई में लू के थपेड़ों को रहें तैयार**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस साल अप्रैल महीने में ही गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में रविवार का दिन सबसे गर्म रहा। 1921 के बाद अप्रैल महीने में इतनी गर्मी महसूस हुई है। चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़े अभी से इस कदर परेशान कर रहे हैं, मानो अप्रैल नहीं जून का महीना चल रहा हो। इतनी गर्मी इसलिए भी चौंकाने वाली है क्योंकि इसने केरल, ऊटी, माथेरान और बेंगलुरु के उन हिस्सों को झुलसाया, जहां आमतौर पर सालभर मौसम खुशनुमा रहता है। कई स्थानों पर पारा 43 तक पहुंचा। मौसम विभाग ने अब मई महीने को लेकर भी भविष्यवाणी की है। अप्रैल महीने में पड़ी गर्मी ने देश के कई स्थानों में ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाए हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 1921-2024 के दौरान अप्रैल महीने में पड़ी गर्मी को लेकर डेटा जारी किया है। जिसके मुताबिक, रविवार शाम को अत्यधिक तापमान दर्ज किया गया। आईएमडी की मानें तो यह देश के कई हिस्सों के लिए यह अब तक का सबसे गर्म महीना हो सकता है। मामले की जानकारी रखने वालों का कहना है कि भीषण गर्मी ने लोकसभा चुनाव के मतदान पर भी काफी असर डाला है। पहले दो चरणों में मतदान प्रतिशत 60 से 62 प्रतिशत के आसपास रहा है। अगले चरण के लिए होने वाले मतदान से पहले मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि अगले पांच दिन और भी ज्यादा गर्मी पड़ने वाली है।

सोमवार को आईएमडी ने जानकारी दी कि पूर्वी और दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत में भीषण लू तक का असर देखने को मिल रहा है और अगले पांच दिनों के दौरान यह जारी रहेगा। चेतावनी जारी कि भीषण गर्मी का असर उन स्थानों पर सर्वाधिक रहेगा, जहां अगले दो चरणों में मतदान होना है।



## अंकल जी ने मूड खराब किया, मैं ठीक करने आया

**राहुल गांधी ने दमन में बताया लाख रुपए वाला प्लान**



दमन दीव (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए प्रचार जोरशोर से चल रहा है। विरोधी दल एक दूसरे पर जमकर बरस रहे हैं। इसी बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भाजपा सरकार पर रोजगार छीनने का आरोप लगाते हुए अपनी स्कीम बताई है। राहुल गांदी ने दमन में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य करोड़ों लोगों को लखपती बनाना है। राहुल गांधी ने कहा कि अंकल (पीएम मोदी) ने आपका मूड खराब कर दिया है और मैं उसे ठीक करने आया हूं। राहुल गांधी ने कहा, अगर मोदी जी 20-25 अरबपति बना सकते हैं तो कांग्रेस पार्टी करोड़ों लखपति बना सकती है। उन्होंने कहा, दिल्ली में सरकार आते ही हम प्रफुल्ल पटेल को यहां से दो मिनट में आउट कर देंगे।

## समंदर में साबित की बादशाहत देवदूत बनी नौसेना

**हूती विद्रोहियों के चंगुल से छुड़ा लाए ऑइल के टैंकर**



नई दिल्ली (एजेंसी)। लाल सागर में इस समय हूती विद्रोहियों का आतंक है। अकसर ईरान समर्थित हूती तेल के टैंकरों पर हमला कर देते हैं और पोतों को हाइजैक करने की भी कोशिश करते हैं। हालांकि भारतीय नौसेना हूती विद्रोही हों या फिर समुद्री लुटेरे, दोनों के लिए काल बनी हुई है। भारत की तरफ बढ़ रहे ऑइल टैंकर शिप पर जब हूती विद्रोहियों ने मिसाइल से हमला किया तो तुरंत भारतीय नौसेना ऐक्टिव हो गई और शिप को सुरक्षित निकाल लिया। भारतीय नौसेना के आईएनएस कोच्चि ने 30 क्रू मेंबर्स को भी सुरक्षित बचा लिया जिसमें से 22 भारतीय थे। जानकारी के मुताबिक सभी क्रू के सदस्य पूरी तरह सुरक्षित हैं। बता दें कि मुसीबत में फंसे ऑइल टैंकर पर पनामा का ध्वज लगा हुआ था।। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय नौसेना के विध्वंसक पोत आईएनएस कोच्चि ने 26 अप्रैल को एमवी एंड्रोमेडा स्टार नामक टैंकर पर हमले के बाद कार्रवाई की।

## दुबई में बन रहा है दुनिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट

- 2.92 लाख करोड़ खर्च करेगा यूएई

दुबई (एजेंसी)। यूएई के दुबई में दुनिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनने जा रहा है। अलजजीरा के मुताबिक, इसे बनाने में 35 अरब डॉलर, यानी करीब 2.92 लाख करोड़ का खर्च आएगा। दुबई के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मखतूम ने रविवार को सोशल मीडिया पर खुद इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नया एयरपोर्ट दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 5 गुना बड़ा होगा। हर साल यहां से 26 करोड़ पैसेंजर यात्रा करेंगे। यह प्रोजेक्ट दुबई के अल मखतूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शुरू होगा।



## अब इंदौर में फट गया अक्षय 'बम', मुश्किल में कांग्रेस!

- नामांकन वापिसी के अंतिम दिन वापस लिया नाम

**इंदौर (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को एक बार फिर किरकिरी का सामना करना पड़ा है। इंदौर सीट से पार्टी के प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने नामांकन वापस ले लिया है। नामांकन की समय सीमा समाप्त हो जाने की वजह से अब इस सीट पर कांग्रेस की उम्मीदवारी खत्म हो गई है। अक्षय कांग्रेस को झटका देने के बाद भाजपा में शामिल हो गए हैं। बम मौजूदा भाजपा विधायक रमेश मंडोला के साथ डीसी दफ्तर पहुंचे और अपना नामांकन वापस ले लिया। बम का यह फैसला कांग्रेस के लिए बेहद चौंकाने वाला है। खबर लिखे जाने तक पार्टी की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी। जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने कहा कि इंदौर से कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने अपना नामांकन वापस ले लिया है।

## एलएसी पर फिर नए 'खेल' की तैयारी में चीन

- खुफिया रिपोर्ट से खतरनाक मंसूबों का हो गया खुलासा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ टकराव को चार साल हो गए हैं। आमने-सामने के सैन्य टकराव के बाद से ही वास्तविक नियंत्रण रेखा एलएसी पर अब भी तनाव है। तनाव के बीच जो खबर सामने आ रही है उसके मुताबिक चीन बॉर्डर पर अपनी स्थिति और अधिक मजबूत करने में जुटा हुआ है। चीन सीमा पर दोहरे उपयोग के लिए शियाओकांग गांव बसा रहा है और बुनियादी ढांचे को अधिक मजबूत कर रहा है। सैन्य ठिकानों को मजबूती देने के लिए भारत की ओर स्थित अपने हवाई ठिकानों पर अतिरिक्त विमानों की तैनाती की गई है। रक्षा और सुरक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने बताया कि नए सैटेलाइट इमेज, खुफिया रिपोर्ट और अन्य इनपुट लद्दाख से अरुणाचल प्रदेश तक फैले 3,488 किलोमीटर लंबे एलएसी के सभी तीन सेक्टरों में चल रही चीनी गतिविधि को दिखा रहे हैं। चीन ने हाल ही में सैमजंगलिंग के उत्तर से गलवान घाटी तक एक सड़क का निर्माण पूरा किया है, जिससे पीएलए को इस इलाके में तेजी से मूवमेंट करने में मदद मिलेगी। बफर जोन के पास भी वह अपनी स्थिति मजबूत करने में जुटा है। 15 जून, 2020 को हुई हिंसक झड़प के तीन सप्ताह बाद गलवान घाटी में पेट्रोलिंग पॉइंट-14 के आसपास नो-पेट्रोल बफर जोन बनाया गया था। सूत्रों ने बताया कि पीएलए पैंगोंग त्सो के दोनों किनारों पर अन्य बफर जोन के पीछे सैन्य और परिवहन ढांचे को मजबूत कर रही है। जिसमें कैलाश रेंज और गोगरा-हॉट स्प्रिंग्स शामिल हैं, जो सभी बड़े पैमाने पर उन क्षेत्रों में है जिन्हें भारत अपना क्षेत्र मानता है।



## लंदन के मेयर चुनाव में दिल्ली के बिजनेसमैन भी कूदे

- पाकिस्तान मूल के नेता सादिक खान से होगा कड़ा मुकाबला

नई दिल्ली (एजेंसी)। ब्रिटेन की राजधानी लंदन में मेयर पद के लिए दिल्ली मूल के बिजनेसमैन भी रेस में हैं। आगामी 2 मई को ब्रिटिश नगरी में वोट डाले जाएंगे। मेयर पद के लिए दौड़ में शामिल भारतीय मूल के उम्मीदवार तरुण गुलाटी का कहना है कि लंदन के नागरिकों को सभी दलों ने निराश किया है। इसलिए वो लंदन की जिम्मेदारी लेना चाहते हैं ताकि शहर को एक अनुभवी सीईओ की तरह संभाल सकें। बता दें कि तरुण गुलाटी का मुकाबला लेबर पार्टी के नेता और पाकिस्तानी मूल के सादिक खान से है। लंदन के मौजूदा मेयर सादिक खान पहले मुस्लिम मेयर ही नहीं बल्कि यूरोपियन यूनियन की किसी भी राजधानी के पहले मुस्लिम मेयर हैं। उन्होंने 2016 में अपने प्रतिद्वंद्वी गोल्डस्मिथ को हराया था।

## मोदी बोले-कांग्रेस ने कर्नाटक को लूट का 'एटीएम' बनाया

**ये एक सेकेंड में गरीबी हटाने का दावा करते हैं, 60 साल सरकार थी, क्यों नहीं हटाया**

**पुणे/बेंगलुरु (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कर्नाटक के बागलकोट में जनसभा की। उन्होंने कहा- कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक को भी अपनी लूट का एटीएम बना लिया है। इतने कम समय में ही इन लोगों ने कर्नाटक का सरकारी खजाना खाली कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा- आज ये लोग एक झटके में गरीबी हटाने का दावा करते हैं, लेकिन इनकी 60 साल की सरकार, इनकी कई पीढ़ियों का काम गवाह है कि वंचित वर्ग के लिए इनकी मानसिकता क्या रही है। उनके दुख, उनकी तकलीफ से कांग्रेस और उनके साथियों को कोई वास्ता नहीं था। बागलकोट के बाद मोदी महाराष्ट्र के पुणे, सातारा, सोलापुर में भी जनसभाएं करेंगे। इससे पहले मोदी ने रविवार को भी कर्नाटक के बेलगावी, उत्तर कन्नड़, दावणगेरे और बेल्लारी में चार सभाएं की थीं। कांग्रेस की पहचान उनके पापों के कारण बनी है। उन्होंने कर्नाटक का सरकारी खजाना खाली कर दिया है। विधायकों को विकास निधि का पैसा नहीं मिल रहा है। वो दिन दूर नहीं जब यहां की सरकार अपने अधिकारियों को पेमेंट नहीं दे पाएगी। आपके बच्चे भूखे मर जाएंगे। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार नहीं चला रही। वह वसूली गैंग चला रही है। कांग्रेस के नेता अपनी तिजोरी भरना चाहते हैं। हमारे बेंगलुरु ने देश का नाम ऊंचा किया है, लेकिन कांग्रेस ने इसे टैंकर हब बना दिया है।



**यात्रियों की हो गई मौज**

## देश के 80 मार्गों पर रोज चलेंगी अमृत भारत ट्रेनें!

- 450 अमृत भारत गाड़ियों के निर्माण का रेलवे ने दिया ऑर्डर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रेलवे अगले 3 साल के भीतर दिल्ली से पूर्वी भारत के करीब 80 मार्गों पर प्रतिदिन कम से कम 1 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ऑपरेट करने लगेगी। इससे अल्प आय वर्ग के यात्रियों को तेज गति से आरामदेह यात्रा की सुविधा मिलेगी और अन्य गाड़ियों पर उनकी निर्भरता भी घटेगी।

रेल मंत्रालय ने अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के प्रयोग की सफलता को देखते हुए करीब 450 अमृत भारत गाड़ियों के निर्माण का ऑर्डर दे दिया है। तीन से चार साल में ये गाड़ियां पटरियों पर दौड़ती नजर आएंगी। इसके अलावा मौजूदा एलएचबी रैक वाली गाड़ियों को भी धीरे-धीरे अमृत भारत ट्रेन सेट की डिजायन में ढाला जाएगा। सेमी परमानेंट कपलर और दोनों ओर इंजन लगा कर इसकी दक्षता को बढ़ाया जाएगा। बजट में 3000 ट्रेनों को अमृत भारत तकनीक से आधुनिकीकृत करने की बात कही गई है। सूत्रों के अनुसार, रेलवे की योजना है कि 3-4 साल के भीतर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल, ओडिशा और पूर्वोत्तर के 80 मार्गों पर कम से कम 1 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन रोजाना चलाने की है। इससे पूर्व की ओर जाने वाली गाड़ियों में दबाव कम हो जाएगा।



## राजस्थान में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर हुआ जबरदस्त धमाका!

- लोग बोले-ऐसा लगा जैसे बम फटा हो, दावा-रेगिस्तान में गिरा एक बड़ा उल्कापिंड

**बाड़मेर (एजेंसी)।** राजस्थान में एक बार फिर उल्कापिंड गिरने का दावा किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर इसके कुछ फोटोज भी शेयर किए जा रहे हैं। इन यूजर्स का कहना है कि यह खगोलीय घटना भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के नजदीक बाड़मेर में रविवार रात की है। दावा किया जा रहा है कि उल्कापिंड के गिरने से बॉर्डर के एरिया में जोरदार धमाका भी सुनाई दिया। स्थानीय लोगों का कहना है रात करीब 9 बजे बम फटने जैसी आवाज सुनाई दी। हालांकि, पुलिस-प्रशासन ने अब तक उल्कापिंड दिखाई देने या धमाके की पुष्टि नहीं की है। बताया जा रहा है कि रविवार रात करीब 9 बजकर 13 मिनट पर बाड़मेर जिले के अलग-अलग एरिया में उल्कापिंड गिरते हुए देखा गया। जिले के आसमान में चमकती वस्तु दिखाई दी।

**मिशन लोकसभा**

## देशभर में मारवाड़ियों को साधेंगे राजस्थान बीजेपी के नेता

**सीएम, डिप्टी सीएम के दौरे तय, भजनलाल शर्मा बंगाल और झारखंड के दौरे पर रहेंगे**

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान की 25 लोकसभा सीटों पर चुनाव सम्पन्न हो चुका है। ऐसे में अब प्रदेश के नेताओं को देशभर में मारवाड़ियों (राजस्थानियों) को साधने का टास्क दिया गया है। प्रदेश से मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, केबिनेट मंत्री और अन्य प्रदेश स्तरीय नेताओं के दौरे होंगे। देशभर में रहने वाले राजस्थानियों को बीजेपी के पक्ष में करने के लिए इन नेताओं को वहां भेजा जाएगा। प्रदेश के नेता राजस्थानियों के बीच जाकर बीजेपी के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे। दरअसल, राजस्थान से बड़ी संख्या में व्यापार के सिलसिले में राजस्थानी देश के अलग-अलग राज्यों में बसे हैं। सालों से इन राज्यों में रहने के कारण वे वहां के स्थानीय वोटर भी हैं। ऐसे में पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना सहित अन्य राज्यों में जहां राजस्थानियों की तादाद ज्यादा है। वहां प्रदेश के नेताओं को प्रचार के लिए भेजा जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को कलकत्ता के लिए रवाना हो गए। जहां वे श्रीरामपुरा लोकसभा सीट पर बीजेपी प्रत्याशी की नामांकन सभा और रोड शो में शामिल हुए।



- **बीजेपी के 150 नेता अन्य राज्यों में करेंगे प्रचार**-प्रदेश बीजेपी के करीब 150 नेता अन्य राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए जाएंगे। पश्चिम बंगाल, झारखंड उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, पंजाब, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों में प्रदेश के नेताओं को जिम्मदारियां दी गई हैं। इसी के तहत पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, प्रभुलाल सैनी सहित कई नेता रविवार को तेलंगाना के लिए रवाना हो गए। ये नेता वहां प्रचार के साथ-साथ चुनाव प्रबंधन का काम भी देखेंगे। इसी तरह से बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, कैलाश चौधरी, झाबर सिंह खर्रा सहित अन्य मंत्री व नेता दूसरे राज्यों में प्रचार के लिए जाएंगे।

## अमित शाह के एडिटेड वीडियो केस में तेलंगाना सीएम को समन

- दिल्ली पुलिस ने रेवंत रेड्डी को 1 मई को बुलाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एडिटेड वीडियो को लेकर दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी को समन जारी किया है। दिल्ली पुलिस रेवंत से 1 मई को पूछताछ करेगी। दिल्ली पुलिस ने रविवार को एफ आई आर दर्ज की थी। वायरल वीडियो में शाह एसटी-एससी और ओबीसी के आरक्षण को खत्म करने की बात करते दिख रहे हैं। हालांकि, न्यूज एजेंसी के फैक्ट चेक में ये वीडियो फेक साबित हुआ है। इस एडिटेड वीडियो को फैलाने को लेकर एक शिकायत भाजपा ने और दूसरी शिकायत गृह मंत्रालय ने की थी।



## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में जब-जब हुई कम वोटिंग तब-तब निर्दलीयों की राह हुई आसान, 4 कैंडिडेट पहुंचे संसद



**पटना, एजेंसी।** वर्ष 1996 से 2019 तक बिहार से सिर्फ चार निर्दलीय उम्मीदवार निर्वाचित होकर संसद भवन पहुंचे। इसके बाद फिर किसी को जीत का मौका नहीं मिला। जिस वर्ष भी निर्दलीय प्रत्याशियों की जीत हुई, उस चुनाव में संसदीय क्षेत्र में वोटिंग 10 प्रतिशत तक कम हुई। चुनाव आयोग के वोटिंग प्रतिशत के आंकड़े से स्पष्ट है कि मतदान करने में जिस वर्ष भी मतदाताओं ने कम रुचि दिखाई है, उस वर्ष लोकसभा चुनाव में बिहार से निर्दलीय उम्मीदवार जीते हैं। इस बार लोकसभा चुनाव में पिछले चुनाव की तुलना में मतदान प्रतिशत कम घटा है। प्रथम व दूसरे चरण में मतदाताओं ने वोट करने में कम रुचि दखाई हैं। वर्ष 2009 में संसदीय क्षेत्र बांका से दिग्विजय सिंह और सीवान से ओम प्रकाश यादव निर्दलीय जीते थे। वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में बांका में 58.8 प्रतिशत वोट पड़े थे। जबकि वर्ष 2009 में 48.7 प्रतिशत रहीं। इस बीच मतदान में करीब 10 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वहीं वर्ष 2004 के समय सीवान में 60.5 प्रतिशत थी, इसके बाद 2009 के चुनाव में घटकर मतदान प्रतिशत 50.1 रही। यहां पर भी करीब 10 प्रतिशत कम हो गई। इस दोनों संसदीय क्षेत्रों में ही नहीं पूरे बिहार के मतदाताओं ने वोटिंग कम किया था। उस समय बिहार की वोटिंग प्रतिशत पिछले वर्ष की तुलना में करीब 14 कमी हुई थी।

### हवा की रफ्तार ने सुधारी हवा की गुणवत्ता

**भागलपुर, एजेंसी।** सोमवार को तापमान बढ़ने के साथ ही तेज हवा चल रही है। इसकी वजह से भागलपुर में हवा की गुणवत्ता भी बेहतर हो गई है। सोमवार को मायागंज प्रदूषण मापक केंद्र पर एयर क्वालिटी इंडेक्स 87 दर्ज किया गया। वहीं, पीएम 2.5 की न्यूनतम मात्रा 65 और अधिकतम तापमान 197 दर्ज किया गया। यहां पीएम 10 की न्यूनतम मात्रा 57, औसत पीएम 10 की मात्रा 10 और अधिकतम तापमान 120 दर्ज किया गया। हवा की यह गुणवत्ता अत्यंत संवेदनशील लोगों के लिए थोड़ी नुकसानदेह है।

### नाथनगर विषहरी स्थान के पास बनेगा नगर निगम का पार्क

**भागलपुर, एजेंसी।** वार्ड नंबर दो के तांती बाजार नाथनगर के पास विषहरी स्थान के पश्चिम में नगर निगम पार्क बनाएगा। नगर आयुक्त नितिन कुमार सिंह ने इसके लिए मंजूरी दे दी है। करीब एक एकड़ जमीन पर बनने वाले पार्क के लिए नगर निगम के तहसीलदार एवं अमीन की ओर से पैमाइश भी की जा चुकी है। जल्द ही इसके लिए नगर निगम की ओर से डीपीआर तैयार कराया जाएगा। फिलहाल नगर निगम की ओर से जिस भी पार्क का डीपीआर तैयार कराया जा रहा है, उनमें किड्स जोन, घूमने के लिए पाथ-वे, ओपन जिम और मेडिटेशन केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है।

### आग से एक दर्जन परिवार के घर जले

**कहलगांव, एजेंसी।** बुद्धूचक थाना क्षेत्र के नया टोला मोहनपुर गोघट्टा गांव में रविवार दोपहर अगलगी की घटना हुई। इसमें एक दर्जन परिवारों का घर जल गया। तेज पछुआ हवा के कारण आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते ही देखते एक दर्जन से अधिक घरों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में भरत शर्मा, भोला तांती, विकास पासवान, इंदु देवी, राजेश तांती, विनोद तांती, फेकन पासवान, जगदीश तांती, गनौरी तांती, सोनू तांती, सुरेश पासवान आदि के घर पूरी तरह से जलकर राख हो गये। वहीं घर में रखा अनाज एवं अन्य घरेलू सामान सहित हजारों की संपत्ति भी जल जाने की बात कही जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना था कि अगलगी की यह घटना बिजली के शार्ट सर्किट से हुई है। सूचना पर अग्निशमन की गाड़ी पहुंची। जिसके बाद काफी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया। पीड़ितों के समक्ष अब खाने के लाले पड़ रहे हैं। वे लोग अपने परिवार के साथ खुले आसमान के नीचे आ गए हैं। अंचलाधिकारी सुप्रिया कुमारी ने बताया कि आग लगने की सूचना मिली है। राजस्व कर्मी को क्षति का आकलन करने के लिए भेजा गया है।

# दरभंगा में बीजेपी कैंडिडेट गोपाल ठाकुर के विरोध में लगे नारे

**लोगों ने दिखाए काले झंडे**



**दरभंगा, एजेंसी।** बिहार के दरभंगा लोकसभा क्षेत्र में 13 मई को मतदान होना है. जिसको लेकर नेताओं की चहलकदमी काफी बढ़ गई है. सभी दलों के नेता लोगों के बीच जाकर वोट करने की अपील कपर रहे हैं. इस दौरान कई नेताओं को जनता का आक्रोश झेलना पड़ रहा है. इस बीच एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें दरभंगा के भाजपा सांसद सह प्रत्याशी गोपाल जी ठाकुर अपने बाइक से जनसंपर्क कर रहे हैं.

### जनसंपर्क के दौरान विरोध

जनसंपर्क के दौरान लोग काले झंडे लेकर मुर्दाबाद का नारा लगाते दिख रहे हैं. हालांकि इस वायरल वीडियो का पुष्टि ईटीवी भारत नहीं करता है. बताया जा रहा है कि यह वीडियो जिले के हनुमाननगर प्रखंड के गोढियारी गांव का है. भाजपा प्रत्याशी गोपाल जी ठाकुर अपने समर्थकों के साथ बाइक पर सवार होकर वोटरों से जनसंपर्क कर रहे हैं.

### गोपाल जी ठाकुर मुर्दाबाद का नारा लगे

इसी के दौरान कुछ लोग काले झंडे लेकर सड़क के दोनों किनारे खड़े होकर गोपाल जी ठाकुर मुर्दाबाद का नारा लगा रहे हैं. वायरल वीडियो में स्पष्ट देखा जा सकता है कि गोपालजी ठाकुर बिना रुके वहां आगे बढ़ गए. हांलाकि वीडियो में देखा जा सकता है कि वहां पर खड़े एक युवक नारेबाजी कर रहे लोगों को शांत करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन उनकी बात मानने को कोई तैयार नहीं हैं.

### दरभंगा एम्स का उठाया मुद्दा

बताते चलें कि इससे पहले भी गोपाल जी ठाकुर का विरोध हो चुका है. गौरबौराम विधानसभा के बाथ मानसरा व बहादुरपुर विधानसभा के ब्राह्मण बहुल गांव पंचोभ में गांव वालों ने सांसद गोपालजी ठाकुर का घेराव कर दरभंगा एम्स निर्माण की ओर पहल ना करके शोभन स्थित एम्स निर्माण स्थल को लो लैंड, बाढ़ ग्रस्त इलाका कह कर वहां धरना प्रदर्शन किया था. अपने सहयोगियों से मंच गिरवा देने का आरोप लगाते हुए 5 वर्षों में दरभंगा में किये गए विकास कार्यों का हिसाब मांगा था.

### एक युवक ने बनाया वीडियो

इस वीडियो में एक युवक भी दिख रहा है जिसमें वह बता रहा है कि देखिए किस तरह से गोपाल जी ठाकुर भाग गए. भाग गए गोपाल जी ठाकुर. इस लोगों की इतनी की औकात है. जो भाग गया वह काम क्या करेगा. जनता के सवालों का जवाब नहीं दे पाया. गोपाल जी ठाकुर भाग गया.



## हथियार-कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार, पड़ोसी के घर पर की थी फायरिंग

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा की हिलसा पुलिस ने एक बदमाश को हथियार-कारतूस के साथ पकड़ा। पकड़ा गया अभियुक्त हिलसा थाना क्षेत्र के पासवान टोली निवासी सुजीत कुमार है। इस पर पड़ोसी ने ही फायरिंग करने का आरोप लगाया था। हिलसा थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि पासवान टोली निवासी द्वारिका प्रसाद ने शनिवार की शाम थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके घर पर चढ़कर पड़ोस के ही एक युवक ने पूर्व के विवाद को लेकर फायरिंग की है। प्राथमिकी दर्ज की गई और अनुसंधान शुरू कर दिया गया। आरोपी सुजीत कुमार को पासवान टोली में उसके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी लेने पर एक देसी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद किया गया।

### आपराधिक इतिहास पता लगा रही पुलिस

गिरफ्तार अभियुक्त सुजीत कुमार के आपराधिक इतिहास का भी पुलिस पता लगाने में जुट गई है। हथियार के सोर्स के बारे में भी पता लगाया जा रहा है। हथियार कहां से और किस उद्देश्य के लिए लाया गया था इसकी भी जांच की जा रही है। छापेमारी टीम में हिलसा थाना में पदस्थापित दारोगा अजय कुमार भारती समेत हिलसा थाना की सशस्त्र पुलिस बल शामिल रही।

## 23 साल बाद ऐसा संयोग...मई-जून में नहीं होंगी शादियां



**पटना, एजेंसी।** सालों बाद मई-जून में शादियां नहीं होंगी। इस कारण अक्षय तृतीया का कारोबार भी प्रभावित होगा। सर्राफा कारोबारी भी संभलकर ज्वेलरी तैयार करवा रहे हैं। ज्योतिषों की मानें तो 23 साल बाद ऐसा संयोग बना है जब मई और जून महीने में शुक्र के अस्त रहने से विवाह नहीं होंगे। इससे पहले साल 2000 में भी ग्रह-नक्षत्रों की अशुभ स्थिति के कारण विवाह नहीं हुआ था। विवाह के लिए युवक-युवतियों को जुलाई माह का इंतजार करना पड़ेगा। जगन्नाथ मंदिर के पंडित सौरभ कुमार मिश्रा ने बताया कि ज्योतिष में शुक्र को शुभ ग्रह माना गया है। सफल वैवाहिक जीवन के लिए शुक्र और गुरु का अच्छी स्थिति में होना जरूरी होता है। 28 अप्रैल से शुक्र अस्त हो गया है। शुक्र 29 जून तक अस्त रहेंगे।

### शुभ मुहूर्त में करना चाहिए विवाह

संकट मोचन दरबार के पंडित चंद्रशेखर झा ने बताया कि हिंदू धर्म के अनुसार शादी-विवाह हमेशा शुभ मुहूर्त में ही करना चाहिए। ऐसा करने से सभी देवी-देवता शामिल होकर अपना आशीर्वाद देते हैं। यही वजह है कि विवाह से पहले पूजा करके देवताओं का आह्वान किया जाता है। उन्होंने बताया कि जुलाई माह में विवाह के लिए शुभ दिन 9, 11, 12, 13, 14, 15 है। तिलकामांझी महावीर मंदिर के पंडित आनंद झा ने बताया कि अक्षय तृतीया 10 मई को है। इस दिन सोना खरीदने के लिए शुभ समय पूरे दिन है। इसके अलावा संध्या काल से निशा काल तक स्वर्ण की खरीदारी कर सकते हैं। साथ में अक्षय तृतीया वाले दिन मकान, प्लॉट, जमीन, फ्लैट, वाहन आदि की खरीदारी की जा सकती है। इस बार सोने की कीमत काफी बढ़ी हुई है। ऐसे में सर्राफा कारोबारी को डर है कि बिक्री हर साल की तरह इस बार नहीं होगी। स्वर्ण व्यवसायी विशाल आनंद ने बताया कि सोना की कीमत 67000 प्रति 10 ग्राम हो चुका है।

## कार ट्रक से टकराई, नाना-नाती की मौत किशनगंज से बारातियों से भरी स्कॉर्पियो आई थी

लौटने के दौरान हुआ हादसा; 5 जख्मी

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में किशनगंज के बहादुरगंज से आई बारातियों से भरी स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार सवार दो बारातियों की मौत हो गई। दोनों आपस में नाना-नाती लगते हैं। इसके अलावा हादसे में 5 बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें 3 की स्थिति गंभीर है। मृतक श्चिम बंगाल के सिल्लीगुड़ी के माटीगड़ा के पोतीराम गांव निवासी हैं। घटना जलालगढ़ थाना के सीमा काली मंदिर पेट्रोल पंप के समीप रात 3 बजे की है। जिस वक्त हादसा हुआ स्कॉर्पियो की रफ्तार 80 के करीब थी। ट्रक ने बगैर इंडिकेटर दिए रॉन्ग साइड लिया, जिसके बाद बारातियों से भरी स्कॉर्पियो ट्रक में जा घुसी। दूल्हे के रिश्तेदार नाना वरुण मंडल (50) और नाती दीपांकर मजूमदार (11) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घायलों में दूल्हे की दादी गीता देवी (60), जोया मंडल (49), जुली मंडल (52), चुटकी मंडल (31) समेत ड्राइवर मो. तस्लीम (31) शामिल है।

### किशनगंज वापस लौट रहे थे

दल्हे के रिश्तेदार सोनू कुमार ने बताया कि कल सुमन मंडल की शादी थी। वे सभी किशनगंज जिले के बहादुरगंज के सिंहेश्वर जनता गांव से बारात लेकर पूर्णिया के जनता चौक आए थे। वे बारात से एक स्कॉर्पियो पर सवार होकर वापस किशनगंज लौट रहे थे। तभी जलालगढ़ थाना की सीमा काली मंदिर पेट्रोल पंप के समीप ट्रक ने बगैर इंडीकेटर दिए रॉन्ग साइड ले लिया। बारातियों से भरी स्कॉर्पियो सीधे ट्रक में जा घुसी। हादसा इतना जबरदस्त था कि स्कॉर्पियो में बैठे नाना -नाती की स्पॉट डेथ हो गई।



**डायल 112 की पुलिस और सरकारी एंबुलेंस को फोन किया :** हादसे के बाद इन्होंने डायल 112 की पुलिस और सरकारी एंबुलेंस को फोन किया। काफी इंतजार के बाद भी जब पुलिस और एंबुलेंस नहीं पहुंची, तो स्थानीय लोगों के सहयोग से पेट्रोल पंप पर मौजूद रस्सी और ट्रैक्टर के सहारे स्कॉर्पियो को ट्रक के नीचे से निकल गया।

इस दौरान पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। जिसके बाद सभी को गंभीर हालत में तस्ष्ट॥ पूर्णिया में एडमिड कराया गया। यहां घायलों में तीन की नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें सिलीगुड़ी रेफर कर दिया।

## प्रेमिका से मिलने गुजरात से पटना पहुंचा प्रेमी, लोगों ने पकड़ा तो बॉयफ्रेंड मुकरा



**पटना, एजेंसी।** पटना के फतुहा में प्रेमिका(24) संग बाइक पर घूम रहे प्रेमी(30) की लोगों ने शादी करवा दी। खुशबू और शशि के बीच 3 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शशि गुजरात की पेपर मिल में काम करता था। वो छुट्?टी पर फतुहा आया था। रविवार को खुशबू के साथ बाइक से जा रहा था। इसी दौरान ग्रामीणों को इस बात की भनक लग गई। गांव के लोगों ने दोनों को पकड़ लिया। पहले तो प्रेमी ने लड़की से किसी तरह का संबंध होने से इनकार किया, लेकिन बाद में प्रेमी के मोबाइल नंबर और उसकी गैलरी में फोटो से दोनों के प्रेम प्रसंग की जानकारी मिली। इसके बाद ग्रामीणों ने प्रेमी-प्रेमिका को गांव के मुखिया के पास ले गए। पूरी बात सुनने के बाद मुखिया ने दोनों की रात में ही मंदिर में शादी करने का फरमान सुना दिया।

मुखिया के फरमान सुनने के बाद गांव के लोगों ने आनन-फानन में दोनों युगल प्रेमी को शादी के लिए वह सारी व्यवस्थाएं की गई। गांव के पंडित ने हिंदू रीति रिवाज से मंत्र पढ़कर दोनों युगल प्रेमी को विवाह के बंधन में बांध दिया। इसके लिए विधिवत लड़की का कन्यादान किया गया। पटना के बैकटपुर मंदिर में दोनों की शादी कराई गई। नया टोला गांव का देवी मंदिर बिना लग्न मुहूर्त के इस शादी का साक्षी बना। दोनों की शादी को गांव के लोगों और परिवार ने स्वीकार कर लिया।

### 3 साल से चल रहा था अफेयर

गांव के लोगों ने बताया कि खुशबू कुमारी जो खुसरूपुर के खिरोधरपुर की रहने वाली है। उसका पिछले 3 सालों से फतुहा निवासी शशि कुमार से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस बीच शशि काम करने के लिए गुजरात चला गया। गुजरात से अभी कुछ दिन पहले वह अपनी प्रेमिका से मिलने पटना पहुंचा था। जब इस बात की भनक शशि कुमार के परिजनों को लगी, तब उन्होंने फतुहा थाने में अपने बेटे के अपहरण का मामला दर्ज कराया। थाना प्रभारी ने बताया कि चुकी दोनों युगल प्रेमी बालिग हैं और अपनी मर्जी से शादी कर रहे हैं। इसलिए पुलिस ने शशि कुमार के पिता का आवेदन को पूरी तरह खारिज कर दिया।

## पुरानी रंजिश में परिवार के 5 लोगों को पीटा, पत्थरबाजी के साथ खूब चली लाठियां



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में पूर्व के विवाद को लेकर रविवार की शाम पड़ोसी ने मारपीट कर दी। मारपीट की घटना में एक ही परिवार के कुल पांच लोग जख्मी हो गए। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ओकनावा गांव का है। सभी घायलों को इलाज के लिए देर शाम बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में उमाशंकर पासवान का पुत्र राकेश कुमार, संजय पासवान का पुत्र सौरभ कुमार, विजय पासवान की पत्नी उषा देवी, जानकी पासवान का पुत्र संजय पासवान और अजय पासवान का पुत्र राजीव कुमार है।

**पड़ोसी से चल रहा था विवाद :** राकेश कुमार ने बताया कि पड़ोस की बकरी उनके घर में घुस आई थी। जब उन लोगों ने बकरी को वहां से भगाया और इसकी शिकायत पड़ोसी से की तो उनलोगों ने घर पर चढ़कर मारपीट कर दी। लाठी-डंडे और रोड़ेबाजी की घटना में कुल पांच लोग जख्मी हो गए। जख्मी ने बताया कि पूर्व से ही पड़ोसी से उन लोगों का विवाद चला आ रहा है। उसी रंजिश में बकरी का बहाना बनाकर उन लोगों के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है। डायल 112 की पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन लोगों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

# गया में सरकारी आवास में मिला रेलकर्मी का शव



डॉग स्क्वायड ने खोजी बॉडी; पड़ोसी बोले-पत्नी से संबंध ठीक नहीं था, अवैध संबंध भी था

**गया, एजेंसी।** गया में रेल कर्मी की लाश उनके सरकारी आवास से ही पुलिस ने बरामद किया है। मृतक की पहचान संजय कुमार सिन्हा (52) के रूप में हुई है। वो रेलवे के इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के PWI सेक्शन में ट्रैक मैन हेड के पद पर कार्यरत थे। घटना सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र के रेलवे इंस्पेक्टर कालोनी की है। रेल कर्मी की बॉडी क्वार्टर के अंदर होदे में पड़ी थी। गले पर गहरे कट के निशान मिले है। होदे के अंदर नमक भी डाला हुआ था। होदे को कंबल, कपड़े और लकड़ी से ढक दिया गया था।

### मृतक का अवैध संबंध भी था

शव को डॉग स्क्वायड की टीम ने खोज निकाला है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मगध मेडिकल कालेज अस्पताल भेजा है। मृतक संजय सिन्हा के पड़ोसियों का कहना है कि मृतक का अपनी पत्नी के साथ संबंध ठीक नहीं था। संजय का अवैध संबंध भी था। वो दो बार जेल भी जा चुका है।

### डॉग स्क्वायड ने खोजा बॉडी

मृतक संजय कुमार सिन्हा के बेटे शशांक का कहना है कि क्वार्टर बाहर से बंद था। उसके अंदर उनके साथ रहने वाला स्ट्रीट डॉग भी बंद था। शशांक ने बताया कि 26 अप्रैल को उसके पापा पटना में उससे मिलने आए थे। फिर वो वापस गया के लिए निकल गए, लेकिन उसी शाम से उनसे फोन पर कॉन्टैक्ट नहीं हो पा रहा था। उनका फोन लगातार बंद आ रहा था। शक हुआ तो रविवार की दोपहर पटना से गया पहुंचा। क्वार्टर बाहर से बंद था। मैंने लॉक को तोड़ दिया। क्वार्टर के अंदर सामान बिखरा हुआ था। पापा कमरे में नहीं थे। ऐसे में मैने इसकी जानकारी पुलिस को दी, फिर सिविल लाइन्स पुलिस को आवेदन दिया। पुलिस ने भी छानबीन की, लेकिन कहीं से कोई सुराग नहीं मिला। डॉग स्क्वायड की टीम बुलाई गई। पुलिस ने पापा के पुराने कपड़े मांगे। डॉग को जब कपड़े दिए तो क्वार्टर में घूमते हुए होदे के पास रुक गया। इस पर पुलिस की टीम ने होदे पर रखे कंबल को हटाया तो पापा की बॉडी पड़ी हुई मिली। कंबल हटाए जाने के बाद उसमें से बदबू आ रही थी।

### डेड बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया

सिटी DSP पीएन साहू ने बताया कि संजय कुमार के बेटे ने आवेदन दिया था। उस पर पुलिस ने काम किया और संजय का शव उसके ही सरकारी क्वार्टर से बरामद कर लिया गया है। डेड बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### लंबे समय से अपनी पत्नी से अलग रह रहे थे संजय

मृतक संजय सिन्हा के पड़ोसियों ने बताया कि संजय और उसकी पत्नी के बीच संबंध ठीक नहीं थे। दोनों लंबे समय से अलग रह रहे थे। दोनों के बीच केस भी चल रहा है। 26 अप्रैल को पटना कोर्ट में तारीख थी। संजय तारीख पर पटना गए, लेकिन शाम को लौट आए। उसके दो बेटे हैं। दोनों की पढ़ाई का खर्च संजय ही दिया करता था।

### पत्नी ने भिजवाया था जेल


संजय दो बार जेल भी जा चुका है। एक बार पत्नी ने जेल भिजवाना था, तो दूसरी बार शराब पीने के मामले में जेल गया था। इसके अलावा संजय का कुछ समय पहले तक अवैध संबंध भी था। वह अपने क्वार्टर में एक लड़की को रखे थे। उससे एक बच्ची भी जन्म ली थी। उसके बर्थडे पर संजय ने पूरे मोहल्ले को पार्टी दी थी। बाद में उस लड़की को भी उसने छोड़ दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना में बुजुर्ग के पॉकेट से एक लाख निकाला, गोबर लगाकर दिया घटना को अंजाम, आरोपी गिरफ्तार

**पटना**। पटना में अपराधियों ने एक बुजुर्ग का पॉकेट काट लिया। अपराधियों ने बुजुर्ग के पॉकेट से एक लाख रुपए पॉकेट काट कर निकाल लिए। बुजुर्ग पैसा बैंक से निकाल कर ले जा रहे थे। अगले महीने बुजुर्ग के घर में पोती की शादी है, इसी लिए पैसे घर ले जा रहे थे। पॉकेट कटने के बाद बुजुर्ग बहुत देर तक पैसा ढूंढते रहे। नही मिलने पर घर वालों को बताया। घर वाले आए तो देर रात थाना में मामला दर्ज किया गया। वहीं पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इस घटना में फुलवरिया बेगूसराय के तिवारी गैंग का नाम सामने आया। यहीं गैंग बैंक में नजर बनाए रखता है। जब कोई बुजुर्ग या महिला पैसा निकाल कर घर जाते हैं तो ये बदमाश उनको अपना शिकार बनाते हैं। पुलिस ने इस मामले में संलिप्त एक शख्स राहुल तिवारी, पिता अवध तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। पटना में कुरथौल के रहने वाले रामइत्तर प्रसाद सिन्हा का शातिरों ने जक्कनपुर थाना क्षेत्र के गया गुमटी के पास जेब काट लिया और एक लाख रुपए की चोरी कर ली। बुजुर्ग ने थाना जक्कनपुर में मामला दर्ज कराया है। बुजुर्ग ने बताया कि उनके पोती की शादी है अगले महीने। इसलिए बैंक से पैसा निकालने गया था। बुजुर्ग ने बताया कि वो बिस्कोमान के पास एसबीआई से एक लाख रुपया निकालकर टेंपो से जीपीओ पहुंचे। वहां से वे पैदल ही गया लाइन गुमटी के पास पहुंचे। गया लाइन गुमटी से वे कुरथौल के लिए ऑटो लेने वाले थे कि दो बाइक सवार लड़के उनके पास पहुंचे और कहा- चाचा आपके कुर्ता में गोबर लगा हुआ है। रामइत्तर गोबर साफ करने लगे। दोनों युवक साफ करने में मदद करने लगा। इस बीच एक और लड़का आया और मदद का झांसा देकर उनके कुर्ता का पैकेट काटकर एक लाख रुपया निकाल लिया। इसके बाद तीनों वहां से फरार हो गए। बुजुर्ग को झांसा देकर शातिर फरार हो गए। उसके बाद बुजुर्ग ऑटो पकड़ कर घर की तरफ जाने के बीच में उनको महसूस हुआ कि उनका पॉकेट हल्का लग रहा है। उन्होंने अपना पॉकेट चेक किया। पॉकेट नीचे से पैसा समेत पैसा काटा हुआ है। जिसके बाद बुजुर्ग उस ऑटो से उतर कर उसी जगह आए जहां से शातिरों ने गोबर धुलवाया था। लेकिन वहां बुजुर्ग को कोई नही मिला ना ही उनका पैसा उसके बाद उन्होंने अपने घर पर इसकी जानकारी दी। जक्कनपुर थाना के थानाध्यक्ष एच एन सिंह ने बताया कि रामइत्तर के बयान पर जक्कनपुर थाना में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस को शक था कि बदमाश बैंक से ही बुजुर्ग का पीछा कर रहे थे।

### बिहार में 44 डिग्री के करीब पहुंचा दिन का पारा:2 मई तक राहत नहीं, दोपहर 1-3 बजे तक घर में रहने की सलाह



**पटना**। बिहार के सभी जिले पिछले कुछ दिनों से लगातार तप रहे हैं। दिन का पारा 44 डिग्री तक पहुंच रहा है। 2 मई तक ऐसे ही हालात बने रहेंगे। मौसम विभाग के अनुसार हवा पूरी तरह से शुष्क है। गर्म हवा चलने से प्रदेश का सभी हिस्सा तप रहा है। विभाग ने 2 मई तक का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर में 1 से 3 बजे घर में ही रहने की सलाह दी है। रविवार को भागलपुर सीवियर हीट वेव की चपेट में रहा। जबकि शेखपुरा, खगड़िया, बांका और नवादा में हीट वेव रहा है। आज 29 अप्रैल को औरंगाबाद, दरभंगा, मोतिहारी, शेखपुरा, जमुई, बांका, गोपालगंज, पटना, गया, भागलपुर, पूर्णिया एवं खगरिया जिलों के कुछ स्थानों पर लू की संभावना है। शेष भागों के जिले में हॉट डे होने की संभावना है। मौसम विभाग की माने तो अगले 48 घंटे के दौरान प्रदेश के कई जिलों के अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। रविवार को चार जिलों शेखपुरा, मधुबनी, गोपालगंज और सीवान में उच्चतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक रहा। सबसे अधिक तापमान शेखपुरा में 43.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

### देहरादून से बिहार के 2 परीक्षा माफिया अरेस्ट, दोनों की निशानदेही पर कई जगह छापेमारी



**पटना**। बिहार के रहने वाले दो परीक्षा माफिया जितेश कुमार और राहुल कुमार को देहरादून से गिरफ्तार किया गया है। दोनों कई पेपर लीक मामलों के मुख्य आरोपी हैं और इन दिनों देहरादून में ही रह कर अलग-अलग संस्थानों के ऑनलाइन पेपर को लीक कराने का काम कर रहे थे। दोनों की गिरफ्तारी उज्जैन से पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर हुई है। उनके पास से पुलिस ने एक लैपटॉप, तीन मोबाइल और चार अभ्यर्थियों का एडमिट कार्ड बरामद किया है। दोनों को बिहार लाकर उनकी निशानदेही पर पटना, नालंदा और गया में भी देर रात छापेमारी कर 7 लोगों से पुलिस इस मामले में पूछताछ कर रही है। उधर, पुलिस के आने की सूचना मिलते ही सरगना कुलवीर और गौरव यादव फरार हो गए। वहीं, पुलिस के मुताबिक बिहार के अच्छे संस्थान में पढ़ने वाले तीन छात्रों का नाम भी सॉल्वर के रूप में आया है। पुलिस पटना एसटीएफ के संपर्क में है। पटना एसटीएफ इनकी जानकारी जुटाने में लगी हुई है। तमिलनाडु के एक नामी निजी विश्वविद्यालय का एंट्रेंस टेस्ट हो रहा था। यह टेस्ट देश में कई जगहों पर ऑनलाइन हो रहा है। चारों शातिर देहरादून की एक ऑफिस में बैठकर इसी पेपर को लीक करा रहे थे। देहरादून पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ गिरोह ऑनलाइन सेंटर पर फर्जीवाड़ा कर रहे हैं। इसके बाद टीम सहस्त्रधारा रोड पर एडु चॉइस कंसलटेंसी में छापेमारी करने पहुंची। देहरादून पुलिस ने बताया कि जब वहां पहुंचे तो देखा कि पेपर लीक कराने का पूरा इंतजाम किया गया है। वहीं से कई राज्यों में अलग-अलग बच्चों को आंसर भेज रहे थे। सीतामढ़ी के रुन्नीसैदपुर के रहने वाले जितेश कुमार और मुजफ्फरपुर के काजी मोहम्मदपुर के रहने वाले राहुल कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इस गिरोह के सरगना कुलवीर और गौरव यादव फरार हो गए।

### प्रेमिका से मिलने गुजरात से पटना पहुंचा प्रेमी, गांव वालों ने कराई शादी

**पटना**। पटना के फतुहा में प्रेमिका(24) संग बाइक पर घूम रहे प्रेमी(30) की लोगों ने शादी करवा दी। खुशबू और शशि के बीच 3 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शशि गुजरात की पेपर मिल में काम करता था। वो छुट्टी पर फतुहा आया था। रविवार को खुशबू के साथ बाइक से जा रहा था। इसी दौरान ग्रामीणों को इस बात की भनक लग गई। गांव के लोगों ने दोनों को पकड़ लिया। पहले तो प्रेमी ने लड़की से किसी तरह का संबंध होने से इनकार किया, लेकिन बाद में प्रेमी के मोबाइल नंबर और उसकी गैलरी में फोटो से दोनों के प्रेम प्रसंग की जानकारी मिली। इसके बाद ग्रामीणों ने प्रेमी-प्रेमिका को गांव के मुखिया के पास ले गए। पूरी बात सुनने के बाद मुखिया ने दोनों की रात में ही मंदिर में शादी करने का फरमान सुना दिया। मुखिया के फरमान सुनने के बाद गांव के लोगों ने आनन-फानन में दोनों युगल प्रेमी को शादी के लिए वह सारी व्यवस्थाएं की गईं। गांव के पंडित ने हिंदू रीति रिवाज से मंत्र पढ़कर दोनों युगल प्रेमी को विवाह के बंधन में बांध दिया। इसके लिए विधिवत लड़की का कन्यादान किया गया। पटना के बैकटपुर मंदिर में दोनों की शादी कराई गई। नया टोला गांव का देवी मंदिर बिना लग्न मुहूर्त के इस शादी का साक्षी बना। दोनों की शादी को गांव के लोगों और परिवार ने स्वीकार कर लिया। गांव के लोगों ने बताया कि खुशबू कुमारी जो खुसरूपुर के खिरोधरपुर की रहने वाली है। उसका पिछले 3 सालों से फतुहा निवासी शशि कुमार से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस बीच शशि काम करने के लिए गुजरात चला गया। गुजरात से अभी कुछ दिन पहले वह अपनी प्रेमिका से मिलने पटना पहुंचा था। जब इस बात की भनक शशि कुमार के परिजनों को लगी, तब उन्होंने फतुहा थाने में अपने बेटे के अपहरण का मामला दर्ज कराया। थाना प्रभारी ने बताया कि चुकी दोनों युगल प्रेमी बालिग हैं और अपनी मर्जी से शादी कर रहे हैं। इसलिए पुलिस ने शशि कुमार के पिता का आवेदन को पूरी तरह खारिज कर दिया।

## बिहार में 10 हजार ANM बहाली का रास्ता साफ

# हाईकोर्ट का फैसला- मैट्रिक-इंटर, नर्सिंग के मार्क्स पर होगी बहाली

एजेंसी, पटना।



बिहार के हॉस्पिटल और स्वास्थ्य केंद्रों पर ANM की बहाली का रास्ता साफ हो गया है। पुरानी अंक प्रक्रिया (मैट्रिक, इंटर, नर्सिंग के अंक के आधार पर) से इसकी बहाली होगी। पटना हाई कोर्ट की मुख्य खंडपीठ ने यह फैसला सुनाया है। कोर्ट की मुख्य खंडपीठ ने सभी पक्षों को सुनने के बाद बिहार टेक्निकल सर्विस कमीशन द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया के लिए किए गए बदलाव को रद्द करते हुए मार्क्स के आधार पर ANM की बहाली करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि राज्य में एएनएम की बहाली पहले की तरह उनके द्वारा प्राप्त मार्क्स के आधार पर होगा। बिहार में 10 हजार 709 पदों पर ANM की बहाली की प्रकिया शुरू हुई थी। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से 28 जुलाई 2022 को विज्ञापन निकाला गया था। विज्ञापन के अनुसार बिहार टेक्निकल सर्विस कमीशन ने अन्य अहर्ताओं के अलावा ANM कोर्स परीक्षा के लिए 60 अंक, हायर कोर्स के लिए 15 अंक और राज्य के सरकारी अस्पताल में काम करने के पर हर साल के लिए 5 अंक (अधिकतम 25 अंक) निर्धारित किया था। इसी बीच बिहार टेक्निकल सर्विस कमीशन ने 19 सितंबर 2023 को विज्ञापन में बदलाव कर दिया। एग्जाम लेकर बहाली का रास्ता बनाया गया। इसके मुताबिक प्रतियोगिता परीक्षा के लिए 60 अंक, हायर कोर्स के लिए 15 और राज्य के सरकारी अस्पताल में कार्य करने के प्रत्येक वर्ष के अनुभव के लिए 5 अंक (अधिकतम 25 अंक) निर्धारित कर दिया। नए नियम को 1 जून 2023 से लागू कर दिया गया। कमीशन द्वारा किए गए बदलाव के बाद सभी उम्मीदवारों को परीक्षा में शामिल होने अनिवार्य कर दिया गया। ऑनलाइन परीक्षा ली गई। बिहार टेक्निकल सर्विस कमीशन के इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। जस्टिस मोहित कुमार शाह की एकलपीठ ने 1 मार्च को लिखित परीक्षा की जगह अंकों के आधार पर एएनएम की बहाली का आदेश दिया था। कोर्ट ने 69 पन्नों के आदेश में बिहार तकनीकी सेवा आयोग के नोटिस 19 सितंबर 2023 को निरस्त करते हुए कहा था कि ANM की बहाली बिहार महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) कैडर नियमावली 2018 के नियम 7 के तहत होगी। इस आदेश के खिलाफ बिहार सरकार ने अपील दायर कर चुनौती दी थी। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के. विनोद चंद्रन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने 18 अप्रैल 2024 को मामले पर सुनवाई पूरी करने के बाद फैसले को सुरक्षित रख लिया था।

**ऑनलाइन परीक्षा भी ली गई थी**

**कोर्ट के आदेश पर ही बहाली निकली थी**: हाईकोर्ट के आदेश पर ही प्रदेश में एएनएम के 10,709 पदों पर भर्ती राज्य सरकार ने विज्ञापन संख्या 07/2022 प्रकाशित की थी। इसके बाद चयन प्रक्रिया एएनएम नियमावली 2018 के तहत शुरू की गई थी।

# स्कूटी के डिक्की में रखे 13 मोबाइल की चोरी

एजेंसी, पटना।



पटना के दानापुर थाना क्षेत्र के BS कॉलेज में बिहटा के GJ कॉलेज से BCA पार्ट टू के 13 छात्रों का स्कूटी के डिक्की में रखे 13 मोबाइल चोरी हाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित छात्रों ने दानापुर थाने में लिखित आवेदन दिया है। अपने लिखित आवेदन में छात्रों ने बताया की बिहटा के जीजे कॉलेज का बीएस कॉलेज में बीसीए पार्ट टू का सेंटर है। परीक्षा के तीसरे दिन बीएस कॉलेज में हम सभी लोग हिंदी का परीक्षा देने आए हुए थे। पहले दिन कॉलेज प्रशासन के द्वारा हम लोगों की गाड़ी कैंपस के पार्किंग में लगाने की अनुमति दी गई थी। दूसरे दिन के परीक्षा से हमलोगो को गाड़ी पार्किंग में लगाने की अनुमति नहीं दी गई। इसके बाद हम लोगों ने अपनी स्कूटी को बाहर पार्क किया। वहीं सोमवार के दिन पार्किंग के दौरान जीजे कॉलेज के सभी 13 दोस्तों ने अपने मोबाइल एक दोस्त के स्कूटी की डिक्की में बैक के रख दिया। जब हम लोग एग्जाम दे बाहर निकले तो देखा की स्कूटी का तोड़ा हुआ है डिक्की में रखें बैग गायब है, जिसमें सभी के मोबाइल, पर्स, एटीएम सब गायब है। इस बाबत आसपास के लोगों से जानकारी ली गई तो कुछ भी पता नहीं चल पाया। लोगों ने बताया की इस इलाके में स्मैकरों का जमावड़ा लगा रहता है।

**स्कूटी के सीट का लॉक तोड़कर निकाला मोबाइल**: वहीं दूसरे शिफ्ट के एग्जाम होने के कारण कॉलेज का गेट बंद हो चुका था। परीक्षा देने आए अमित कुमार पाठक, आकाश कुमार, विशाल कुमार, अभिषेक कुमार, मृत्युंजय कुमार सहित अन्य पीड़ित छात्रों ने बताया की बीएस कॉलेज में हम सभी छात्र बीसीए पार्ट टू का परीक्षा देने आए हुए थे। एग्जाम सेंटर पर जाने से पहले हम सभी 13 दोस्त अपना मोबाइल एक स्कूटी मे बैग ले अंदर रख दिए थे। परीक्षा देकर जब बाहर निकले तो देखा की स्कूटी के सीट का लॉक टूटा हुआ है। उसमे रखे बैग लॉक तोड़ चोरी कर ली गई है। बैग में 13 मोबाइल के साथ ही एटीएम सहित अन्य जरूरी कागजात चोरों के द्वारा। घटना के संबंध में दानापुर थाना प्रभारी एस के झा ने बताया की मामला संज्ञान में आया है। छात्रों ने लिखित आवेदन दिया है।

## पटना में चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर की गई गाड़ियों की जांच

एजेंसी, पटना।



लोकसभा चुनाव को लेकर पटना पुलिस अलर्ट मोड पर है। सोमवार को कोतवाली थाना इलाके में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया है। कोतवाली थाना अध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वरीय पदाधिकारी के दिशा निर्देश पर शहर के चौक चौराहे पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है.दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहन को सर्च किया जा रहा है. सर्च अभियान में पुलिस पदाधिकारी समेत अतिरिक्त पुलिस बल को भी लगाए गए है. ताकि एक एक वाहन की गंभीरता से जांच की जा सके। जांच के दौरान अभी तक किसी तरह का आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ है। आगे भी वाहन चेकिंग अभियान चलता रहेगा। आपको बता दें कि लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों को पुलिस पदाधिकारियों को को अलर्ट रहने का निर्देश जारी किया है।

♦ **नहीं मिला कोई आपत्तिजनक सामान**

# पटना में थाने में लगी ट्रक में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

एजेंसी, पटना।



पटना के नदी थाना क्षेत्र परिसर में सोमवार की दोपहर अचानक जब्त किए गए एक ट्रक में आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने ट्रक को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। इस बीच ट्रक आधा से ज्यादा जल चुका है। आग लगने की घटना से थाना परिसर में काफी देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। नदी थाना प्रभारी राजू कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

**धू-धूकर जलने लगी ट्रक**: घटना के बारे में बताया जा रहा है कि नदी थाना परिसर में सोमवार को अचानक कूड़े की ढेर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने थाने परिसर में जब्त किए गए एक ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया और ट्रक धू-धूकर जलने लगी। आग लगने की सूचना से थाने में सनसनी मच गई। थाना प्रभारी ने इस बात की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। इस बीच ट्रक लगभग आधा जल चुकी थी। घटना के बारे में नदी थाना प्रभारी ने बताया कि अभी कुछ दिन पहले ट्रक को जब्त करके लाया गया था। ट्रक थाना परिसर के जब्ती मालखाना में लगी थी। इस बीच अचानक ट्रक में आग लग गई। उन्होंने बताया कि ट्रक के नजदीक कूड़े की ढेर में आग लगी थी, ट्रक में आग पकड़ लिया। यह पूछे जाने पर की ट्रक किसकी थी और कब लाई गई थी, उन्होंने बताया कि इसकी सूची देखने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा।

**कूड़े के ढेर से फैली आग**

# श्री सीमेंट बिहार में कर रही 1100 करोड़ का निवेश, बिहार में लगेगा 2 प्लांट

एजेंसी, पटना।

भारत की सीमेंट कंपनी श्री सीमेंट बिहार के लिए अपनी कमिटमेंट को और मजबूत बना रही है। औरंगाबाद में सीमेंट ग्राइंडिंग युनिट्स में 1100 करोड़ से अधिक का निवेश और बांका जिले में 42 मेगावॉट सोलर प्लांट के साथ कंपनी सोलर क्षमता बढ़ाने की ओर ध्यान दे रही है। कंपनी उत्तरी बिहार में नए सीमेंट प्लांट लगा कर राज्य में अपनी मौजूदगी को सशक्त बनाने के लिए काम कर रही है। श्री सीमेंट के निवेश के चलते बिहार में नौकरियों का अवसर बनेगा। 1150 से अधिक कर्मचारियों सीधे तौर और 3 हजार अनुबंध पर इस कंपनी में कार्यरत हैं। रोजगार के दायरे से आगे बढ़कर श्री सीमेंट सामुदायिक विकास के लिए भी काम कर रही है। कंपनी बिहार के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और यहां के लोगों के भविष्य के निर्माण के लिए निवेश जारी रखेगी।



**2025 तक पांच नए प्लांट शुरू करने की योजना**: श्री सीमेंट एवं मैनुफैक्चरिंग हैड (ईस्ट) मनोज कुमार श्रीवास्तव, जॉइंट प्रेज़ीडेन्ट ने बताया कि हम नवीकरणीय उर्जा स्त्रोतों के इस्तेमाल, नौकरियों के सृजन और कंपनी संचालन से समाज कल्याण के प्रयासों के साथ अपनी उत्पादन क्षमता के विस्तार पर ध्यान दे रहें हैं। श्री सीमेंट प्लांट देश के 12 राज्यों में और UAE में भी हैं। कंपनी ने 56.4 एमटीपीए की मौजूदा क्षमता को 2028 तक 80 एमटीपीए तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। साथ ही 2025 तक पांच नए प्लांट शुरू करने की योजना बनी है। इसके अलावा श्री सीमेंट ने अगले 3 सालों में 100 बांगुर कॉन्क्रीट प्लांट स्थापित करने की योजना बनाई है। जिसमें से 2 प्लांट बिहार में लगाने की योजना है।

♦ **लोकल लोगों को नौकरी देने पर रहेगा फोकस**

**R&D में भी निवेश**: मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 'बिल्ड स्मार्ट' के साथ पर्यावरण पर प्रभाव कम करने और अपनी संचालन दक्षता बढ़ाने के लिए R&D में निवेश कर रही है। कंपनी 100 फीसदी ब्लेंडेड सीमेंट का निर्माण करती हैं और पर्यावरण पर प्रभाव को कम करने में योगदान देती हैं।

# 75% उपस्थिति वाले विद्यार्थी ही भर पाएंगे परीक्षा फॉर्म

एजेंसी, पटना।



पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी ने स्नातक नियमित सत्र 2023-27 के दूसरे सेमेस्टर में परीक्षा फार्म भरने के लिए तिथि घोषित कर दी है। 2 मई तक चार वर्षीय स्नातक द्वितीय सेमेस्टर के लिए परीक्षा फार्म भरे जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक डा. मनोज कुमार ने बताया कि अभ्यर्थियों को परीक्षा शुल्क 600 रुपए देने होंगे। सभी कॉलेजों को परीक्षा फार्म भरने के लिए उनके लॉग इन में लिंक दे दिए गए है। पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी में परीक्षा फॉर्म भरने में 75 प्रतिशत उपस्थिति को सख्ती से देखते हुए ही परीक्षा फॉर्म भरवाया जाएगा। राजभवन के निर्देश के आलोक में कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति पूरा बढ़ाने के लिए यह पहल की जा रही है। इसके लिए अब परीक्षा फॉर्म छात्र ऑनलाइन नहीं भरेंगे, बल्कि यह कॉलेजों के माध्यम से भरा जाएगा। इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से सभी कॉलेजों को उनके लॉग इन में लिंक दे दिए गए है।

**ये होगी प्रक्रिया**: इसके तहत कॉलेज सुनिश्चित करेंगे कि विद्यार्थी 75 प्रतिशत कक्षा में उपस्थित रहे हैं। इसके बाद उनके फॉर्म को भरवाते हुए वैलिडेशन करेंगे। परीक्षा फार्म भरने से पहले विद्यार्थी पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी की वेबसाइट से ऑफलाइन फार्म डाउनलोड करेंगे। उसके बाद इसे भरकर अपने मेजर विभाग में जाकर वहां से चेक और वेरीफाइ कराएंगे। इसके बाद संबंधित काउंटर पर उसे जमा कराएंगे।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पटना जिला प्रशासन एक्टिव

एजेंसी, पटना।



पटना जिले में चौथे और सातवें चरण में चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने दावा किया है कि इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं के जागरूकता के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है, ताकि एक भी मतदाता मतदान करने से नहीं चुक सके। वहीं उप विकास आयुक्त तनय सुलतानिया ने बताया कि जिलाधिकारी के दिशा-निर्देश के अनुसार विधि व्यवस्था, EVM मैनेजमेंट, मतदाताओं के प्रतिशत को बढ़ाने की व्यवस्था की तैयारी तेज है और इसके लिए जिलाधिकारी प्रत्येक दिन रिव्यू कर पूरी जानकारी भी ले रहें है।

**चलाया जा रहा है नॉक दी डोर कैम्पेन**: एक महीने से जिला प्रशासन लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। प्रत्येक मतदाताओं के घर दो से तीन बार विजिट किया जा रहा हैं। मतदान केंद्रों की जानकारी दी जा रही है। इसके लिए सभी ERO से प्रत्येक दिन के रिपोर्ट की जांच की जा रही है। लोकतंत्र के पर्व को लेकर मतदाताओं को जागरूक के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में नॉक दी डोर कैम्पेन चला रहे हैं। इसके लिए जीविका, सहायिका और खाद्यान्न आपूर्ति कर्मी समेत सभी सरकारी कर्मियों को इसमें लगा दिया गया है, ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान हो सके।

# पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा में तैनात होगी पर्यटक पुलिस

## गृह विभाग करेगी कैडर का गठन, बोधगया-राजगीर में विदेशी टूरिस्ट को लेकर रखा जाएगा खास ख्याल

एजेंसी, पटना।

बिहार में पर्यटकों कीवसुरक्षा का जिम्मा अब 'पर्यटक पुलिस' उठाएगी। बिहार पर्यटन विभाग ने सैलानियों की सहूलियत के लिए ऐसा करने का निर्णय लिया है। आमतौर पर मेला या त्योहार के समय ही पुलिस की तैनाती होती है। अन्य दिनों में यहां सुरक्षा के बेहतर इंतजाम नहीं होते हैं। इसके साथ ही ज्यादातर पर्यटन स्थल थाने से दूर भी हैं। पर्यटन विभाग की योजना वर्ष भर पर्यटक पुलिस की तैनात करने की है, ताकि परिवार सहित पर्यटन स्थलों पर घूमने आने वाले लोगों को हिचक न हो।

**गृह विभाग करेगी पर्यटक पुलिस कैडर का गठन**: विभागीय सूत्रों के अनुसार गृह विभाग को पहले ही पत्र लिख चुका है। गृह विभाग ही पर्यटक पुलिस के लिए कैडर का गठन करेगी। इसके लिए कागजी प्रक्रिया चल रही है। हालांकि, पर्यटन विभाग निजी एजेंसी की मदद लेकर स्थाई नियुक्ति करना चाह रही है ताकि तब तक ये काम शुरू हो जाए। देश भर के कुछ मुख्य एजेंसियों से इसके लिए बातचीत चल रही है। चुनाव बाद इसे दिशा दी जाएगी।



**बोधगया-राजगीर में विदेशी टूरिस्ट को लेकर रखा जाएगा खास ख्याल**: सबसे पहले इसकी शुरुआत पटना से होगी। पटना के साथ-साथ बिहार के जो मुख्य पर्यटक स्थल जैसे कि बोधगया-राजगीर आती है, जहां विदेशी टूरिस्ट ज्यादा आते हैं, वहां सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इन पर्यटक पुलिस को लगाया जाएगा। इस तैनाती से पर्यटकों के बीच संदेश जाएगा कि उनकी सुरक्षा सुव्यवस्थित तरीके से हो रही है। उन्हें बिहार के पर्यटन स्थलों पर परिवार सहित घूमने लायक माहौल मिलेगा।

**शौचालय-पेयजल भी सुनिश्चित करेगी पर्यटक पुलिस**: वर्तमान में राज्य में 100 से अधिक प्रमुख पर्यटन स्थल हैं। इनमें से कई पर्यटन स्थलों पर साफ-सफाई के बेहतर इंतजाम नहीं दिखते हैं। कई जगहों पर शौचालय, पीने का साफ पानी और यहां तक कि विश्रामगृह की सुविधा भी नहीं होती है। ऐसी जगहों पर पर्यटक जाने से कतराते हैं। जाते भी हैं तो ज्यादा देर तक नहीं रुकते हैं। वहीं, ज्यादा व्यस्त पर्यटन स्थलों पर साफ-सफाई की समस्या होती है। ऐसी जगहों पर पर्यटकों को घूमने में समस्या होती है। पर्यटक पुलिस की तैनाती के बाद यह कमी दूर हो पाएगी।

# पांच दुकान जलकर खाक लाखो की सम्पत्ति जलकर राख

चाणक्य भूमि बेतिया



अहले सुबह बेतिया के संत कबीर चौक समीप आग लगने से कई दुकान बुरी तरह जल गई। जानकारी के अनुसार दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी थीं जिससे लाखों का नुकसान हुआ है। बता दे की इस आगलगी में कपड़े की दुकान साहित खिलौने की दुकान जलकर खाक हो गया है। वहीं आग की घटना सोमवार के करीब 7: 10 सुबह की बताई जा रही है, इस आगलगी की घटना की सूचना स्थानिया लोगों द्वारा दुकानदार साहित अग्निशमन विभाग एवं नगर थाना बेतिया को सुचित किया गया, इसके पूर्व स्थानिया लोगों द्वारा आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही थी। घटना की सूचना मिलते ही जिला अग्निशमन पदाधिकारी गणेश कुमार, अपने दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच आग को बुझाने का प्रयास किया, काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, तब तक सभी पांचों दुकान का सामान जलकर राख हो गया था। बता दे की आगलगी की घटना में किशन बाग निवासी नौशाद आलम रेडीमेड कपड़ा व्यवसायी, द्वार देवी चौक बबलु आलम उर्फ गुड कपड़ा व्यवसायी, गैस लाल चौक जितेंद्र कुमार श्रीवतास्तव कपड़ा व्यवसायी, राजगुरू चौक धर्मेन्द्र कुमार कपड़ा व्यवसायी, एवं पुरानी गुदरी के जियाउल हक खिलौने व्यवसायी बताए गए है। जिन्होंने बताया कि करीब लाखो से अधिक के सामानों का नुकसान इस आगलगी में हो गई है। इस घटना में घटना स्थल पर सूचना प्राप्त होते ही स्थानिया सांसद डा संजय जयसवाल, नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, रविंदर सिंह, उपमेयर प्रतिनिधि रमण गुप्ता एवं वार्ड पार्षद अरमान आदि पहुंचे जहां आग में हुए सामानों की क्षति का जायजा उन्होंने लिया।

# भूमि विवाद में चाची और बहन पर तेजाब फेंककर घायल किया



चाणक्य भूमि बेतिया

बेतिया में 5 धुर जमीन को लेकर पारिवारिक विवाद चल रहा था इसी विवाद के क्रम में रामू साह ने चाची और बहन पर तेजाब फेंककर घायल कर दिया। घायलो को ईलाज के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जख्मी श्याम साह ने बताया कि उनका अपने भाई रामू साह से पांच धुर जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी को लेकर सोमवार दोपहर उनकी भावो रूना देवी गाली-गलौज करने लगी। इसी दौरान श्याम साह मौके पर पहुंचे तो भाई रामू साह के बेटे अजीत कुमार, आनंद कुमार और अंकित कुमार ने उन्हें पकड़कर पीटना शुरू कर दिया। उन्हें बचाने के लिए बेटी और पत्नी पहुंची। इसी दौरान अजीत साह घर से एक बोतल तेजाब लेकर आया औरबेटी और पत्नी पर फेंक दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि घायलों का बयान दर्ज करने के लिए पुलिस पदाधिकारी को जीएमसीएच भेजा जा रहा है। मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## युवती की संदेहास्पद स्थिति में मौत मामले की जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

चाणक्य भूमि बेतिया

घटना सिरिसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत के तुरहापट्टी की है जहां एक 18 वर्षीय युवती की संदेहास्पद मौत की घटना प्रकाश में आई सामने, बता दे की मृतका के पिता बाहर मजदूरी का काम किया करते हैं, इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है, जैसा मुंह वैसी बात स्थानीय लोगों के द्वारा कहीं जा रही है, सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है, जहां लड़की ने खुदकुशी की घटना को अंजाम दिया है, घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बेतिया जीएमसीएच पोस्टमार्टम के लिए लाया है, जहां पोस्टमार्टम पश्चात शव को परिजनों को सौंप दिया गया है, मृतिका युवती की पहचान सिरिसिया थाना क्षेत्र के तुरहापट्टी वार्ड संख्या एक निवासी शेख जहांगीर की 18 वर्षीय पुत्री माहिमा खातून के रूप में बताई जा रही है, घटना को लेकर स्थानीय पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## तीन परिवार का आधा दर्जन से अधिक घर जलकर स्वाहा

चाणक्य भूमि

**कटिहार**। जिले के बरारी प्रखंड अंतर्गत सेमापुर के नायाटोला बंका में आज दोपहर अचानक आग लग जाने से तीन परिवार का आधा दर्जन से अधिक घर जलकर स्वाहा हो गया। आसपास के लोगों ने प्रयास कर आग पर नियंत्रण किया। अग्निकांड स्थल पर अग्निशमन वाहन भी पहुंचकर अग्नि आग पर काबू पाया। घटनास्थल से मिली जानकारी के अनुसार नाया टोला बंका,सेमापुर घर जलकर स्वाहा हो गया है। इस अग्निकांड में लाखों रुपए की संपत्ति का नुकसान होने का अनुमान है। जदयू महिला प्रकोष्ठ की बरारी प्रखंड अध्यक्ष प्रियंका कुमारी ने घटनास्थल पर पहुंच कर घटना की जानकारी लिया और पीड़ितों को सांत्वना दिया। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल सरकारी स्तर पर राहत देने की मांग की है। साथ ही पीड़ित परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान देने की भी मांग की है।

# पुलिस ने दियारे में तीसरी आंख से की छापेमारी





चाणक्य भूमि बेतिया

- ग्रामीणों के दिल से भय का माहौल हटाने व मतदान प्रतिशत को बढ़ाने तथा शराब धंधेबाजों पर नकेल कसने के लिए एसडीपीओ के नेतृत्व में दियारे के चप्पे चप्पे पर रही पुलिस की नजर

दियारे के ग्रामीणों के दिल से भय का माहौल हटाने व मतदान प्रतिशत को बढ़ाने तथा शराब धंधेबाजों पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने तिसरी आंख से पैनी नजर बनायें हुए हैं। सोमवार को एसडीपीओ रजनीश कांत प्रियदर्शी के नेतृत्व में दियारा क्षेत्र के गंडक नदी के आस पास के इलाकों में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान को देख आस पास के गांव के ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना रहा। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि एसडीपीओ के नेतृत्व में दियरा के शिवराजपुर, भगवानपुर,कोतराहां , बैजू भगत के टोला व बरियारपुर आदि दियरावर्ती क्षेत्रों में शराब धंधेबाजों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया।इस बीच लोक सभा के चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर खेतों में काम करने वाले मजदूरों व ग्रामीणों को जागरूक किया गया। पदाधिकारी ने बताया कि भयमुक्त वातावरण में चुनाव को संपन्न कराने को लेकर दियारे क्षेत्र पर पुलिस की पैनी नजर है। ड्रोन कैमरे की मदद से पुलिस जवानों के साथ गंडक नदी के आस पास सभी इलाकों में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया।हालांकि इस बीच पुलिस को कुछ हाथ नहीं लगी है।फिलहाल छापेमारी अभियान से शराब धंधेबाजों में दहशत का माहौल कायम है।

# आम के फलों पर मक्खी का प्रकोप बढ़ा

चाण्क्य भूमि मझौलीया

- मक्खी का प्रकोप की रोकथाम के लिये माधोपुर केविके में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

सोमबार को कृषि विज्ञान केंद्र माधोपुर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया ।जिसमे किसानों को आम के फल में मक्खी के प्रकोप से बचाव की जानकारी दी गयी। वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ अभिषेक प्रताप सिंह ने कहा कि आम लगाने से लेकर पुराने बागों तक कई कीटों का प्रकोप होता है। मैंगोहापर, मीली बग, स्टेंम बोरर, छाल को खाने वाले कीड़े आदि मुख्य हैं, लेकिन फल मक्खी जो कि आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाने वाला कीट है। फल मक्खी (फ्रूट फ्लाई) जिसे डासी मक्खी भी कहते है, आम की फसल को व्यापक तौर पर नुकसान पहुंचाती है। ये फलों को नष्ट करने वाला आम का सबसे सबसे घातक कीटों में से एक है। इसके कारण उत्पादन में औसतन लगभग 27 प्रतिशत तक नुकसान हो सकता है। किसानों को समय से इसका पता लगाने के साथ बचाव और निवारण करने पर ध्यान देना चाहिए नहीं तो इसके प्रोकोप के कारण एक से लेकर 90 प्रतिशत या कभी-कभी सौ-प्रतिशत तक आम को नुकसान हो सकता है। इसके वयस्क घरेलू मक्खी के बराबर होते है, जिन पर पीले रंग की धारियां होती हैं। जब आम, आधे आकार के फल के रूप में तैयार हो जाते हैं, तो इसकी मादा 300 से ज्यादा अंडे अपने जीवनकाल में देती है। सफेद रंग के बिना पैर वाले इसे मैगट्स फल के गूदे को खाते हैं और फल को सड़ा देते हैं। इसके कारण फल गिरने लगते हैं। इसके लार्वा फिर वापस मिट्टी में चले जाते हैं और फिर से वयस्क के रूप में दिखाई देते हैं। समस्या वाले फल बहुत जल्दी पक सकते हैं और गिर सकते हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र माधोपुर के उद्यान विशेषज्ञ डॉ धीरु कुमार तिवारी ने बताया कि अगर किसान समय रहते इसकी पहचान और नियंत्रण कर लें तो इससे होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है। इस कीट का प्रकोप अप्रैल-मई के महीने में अधिक देखने को मिलता है। प्रबंधन के लिए निरंतर जमीन पर गिरे हुए फल मक्खी से संक्रमित फलों को इकट्ठा करें और उन्हें 60 सेंटीमीटर गहरे गड्ढों में इकट्ठा करके और दबा दें। खेत में स्वच्छता बनाए रखे वयस्क फल मक्खियों को पकड़ने के लिए 1 एकड़ के बगीचे में 4 से 6 पीले चिपचिपे ट्रैप (जाल) लगाएं, जो अपने चमकीले रंग के कारण उनकी ओर आकर्षित होते हैं। इस मक्खी को नियंत्रित करने का सबसे कारगर उपाय मिथाइल यूजिनाल युक्त गंध ट्रैप है। इस ट्रैप में एक विशेष प्रकार की टिकिया रखी जाती है जिसमे से मादा फल मक्खी की गंध आती है जिसकी वजह से नर फल मक्खी आकर्षित होकर ट्रैप में फंस जाते है और मर जाते है। नर और मादा फल मक्खी का सम्पर्क न होने से नयी फल मक्खियाँ नहीं तैयार हो पाती है जिसके कारण आम की फसल सुरक्षित हो जाती है। एक हेक्टेयर के लिये 15-20 ट्रैप की आवश्यकता होती है। इन ट्रैप को पेड़ की टहनियों में जमीं से 5-6 फीट की ऊँचाई पर लटका देना चाहिए। यौनगंध ट्रैप को एक माह के अंतर पर बदलना तथा एकत्रित मक्खियों को निकाल कर फेंक देना चाहिए।

## पुलिस टीम पर हमला मामले में चार महिला समेत आठ गिरफ्तार

चाणक्य भूमि मैनाटांड़

मैनाटांड़ प्रखंड क्षेत्र के इनरवा थाना थाना अंतर्गत सोमवार को इनरवा पुलिस ने चार पुरुष और चार महिला कुल आठ अभियुक्त को पुलिस टीम पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इनरवा थाना अध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया की दिउलिया गाँव में राम मंदिर के पीछे कुछ लोग के द्वारा जमीन अतिक्रमण कर घर बनाया जा रहा था । जिसे इनरवा पुलिस के द्वारा खाली कराया जा रहा था। इसी दौरान इनरवा पुलिस टीम और महिला पदाधिकारी एवं सिपाही मारपीट गाली गलौच दुर्व्यवहार किया गया उनसे हथियार छीनने का प्रयास किया गया।महिला पुलिस पदाधिकारी एवं सिपाही से मारपीट गाली गलौच दुर्व्यवहार मामले में को गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान । कृष्णा राम, मुरारी राम , मुन्ना राम, मुकेश राम, चारों पिता स्व० लक्ष्मी राम महिला अभियुक्त रीना देवी पति मुना राम , सरस्वती देवी पति मुरारी राम, मंजु देवी पति मुकेश राम, रीना देवी वृज मोहन राम सभी साकिन दिउलिया थाना इनरवा के रूप में किया गया है।20 से 25 अज्ञात के विरुद्ध और आठों अभियुक्त एवं प्रथिमिकी कांड स० 47/27 दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## सेवा भारती ट्रस्ट द्वारा सामग्री का वितरण



चाणक्य भूमि

**मसौढ़ी**।चौपर गाँव मे आगलगी पीड़ित परिवार के बीच सेवा भारती ट्रस्ट मसौढी, पटना के सौजन्य के तरफ से बाल्टी, मग, चीनी आटा एवं अंग-वस्त्र वितरित किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष लाल मोहन सिंह, सचिव शिल्पी देवी, कोषाध्यक्षा सुजीत ठाकुर सामाजिक कार्यकर्ता रंजीत पटेल पालटन सिंह,पूनम देवी चपौर् मुखिया प्रतिनिधि सुजीत कुमार,बैजनाथ पासवान एवं चंद्रकला देवी मौजूद थी।

# लेह लद्दाख में मजदूरी करने गये युवक की दुर्घटना में मौत

चाणक्य भूमि मैंनाटाड



मृतक का फाइल फोटो

- मृतक रोजगार के लिये मार्च में गया था लेह-लद्दाख। जहां दुर्घटनावश उसकी मौत हो गई परिवार में पत्नी के अलावा तीन पुत्रीव एक पुत्र है

**मैनाटांड** थाना क्षेत्र के टोला चपरिया पंचायत के रमपुरवा गांव में उस समय कोहराम मच गया जब खबर आया की गांव का एक युवक की लेह लद्दाख में मौत हो गई है। घटना रविवार का बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार रमपुरवा गांव के स्व. योद्धा साह का 35 वर्षीय पुत्र उमेश साह जो लेह लद्दाख में प्रवासी मजदूर का काम करता था। रविवार के दिन गांव के ही चंदन साह ने लेह से फोन किया की किसी अज्ञात वाहन से ठोकर लगने से उमेश साह की मौत हो गई है। खबर सुनते ही उसकी पत्नी प्रतिमा देवी बेहोश हो गई. परिवार में चीख-चीत्कार मच गया। ग्रामीणों ने बताया उमेश अपने परिवार का भरण पोषण के लिये लेह लद्दाख में राजमिस्त्री का काम करता था। प्रत्येक वर्ष की तरह इस साल भी मार्च माह में फ्लाइट से लेह कमाने चला गया था। घटना की सूचना भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता समृद्ध वर्मा को लोगों ने दी। सूचना मिलते ही लेह के पुलिस से बात कर मृतक को पोस्टमार्टम कर जल्द से जल्द शव को घर भेजने की बात की। समृद्ध वर्मा ने बताया की वहां की पुलिस से बात कर घटना की सत्यता खंगालने की बात कही। इधर मृतक की पत्नी प्रतिमा देवी ने रोते बिलखते बताया की सात वर्षीय पुत्री रागनी कुमारी, पांच वर्षीय पुत्र शिवम कुमार, चार वर्षीय पुत्री सलोचना कुमारी और दो वर्षीय पुत्री शिवानी कुमारी के सर से बाप का साया उठ गया। भरण-पोषण, पढ़ाई लिखाई पर आफत आ गई। पत्नी समेत चारों बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। मंगलवार को घर पर शव आने के बाद अंतिम संस्कार किया जायेगा।


































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714